हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 27 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत संचार निगम लिमिटेड की 4G मोबाइल सेवाओं का उद्घाटन किया। - स्वदेशी तकनीक से निर्मित 97 हज़ार, 500 से अधिक 4G मोबाइल टावर भी लोकार्पित किए गए।

- मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए पूरे भारत में गांवों और शहरों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई।

- करनाल नगर निगम ने प्रदेश के 5 शहरों की नगर पालिकाओं के साथ स्वच्छ शहर जोड़ी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी मिलना सुनिश्चित हुआ है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में भारत संचार निगम लिमिटेड बी.एस.एन.एल की 4जी मोबाइल सेवाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने बीएसएनएल द्वारा स्वदेशी तकनीक से लगभग 37,000 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित 97 हजार पांच सौ से अधिक नए स्वदेशी 4जी मोबाइल टावरों का भी

शुभारंभ किया। इनमें बी.एस.एन.एल द्वारा स्थापित 92,600 से अधिक 4G तकनीक वाले मोबाइल टावर शामिल हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 2जी, 3जी और 4जी तकनीकों के विकास में पिछड़ गया था और इस क्षेत्र में विदेशी तकनीक पर निर्भर था।

पी एम -

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का पांचवां देश बन गया है जिसने पूर्णतः स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी स्टैक का विकास किया है। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में राज्य में दो सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी है। श्री मोदी ने कहा कि 2017 में वस्तु और सेवा कर-जीएसटी लागू होने के बाद कर का बोझ काफी कम हो गया है जिससे नागरिकों पर वित्तीय दबाव कम हुआ है।

**********

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने इंटरनेट क्रांति के माध्यम से कनेक्टिविटी को बदल दिया है और पूरे भारत में गांवों, शहरों को इंटरनेट से जोड़ा है।

*ब्रॉडबैंड की पहुँच और अगली पीढ़ी के मोबाइल नेटवर्क की गति से संचालित, पूरे भारत में एक शांत परिवर्तन हो रहा है। इसके मूल में भारतनेट परियोजना है, जो एक*

*डिजिटल राजमार्ग बुन रही है जो अब 2 लाख 18 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुँचती है। लगभग 7 लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल के साथ, इस डिजिटल जीवनरेखा ने उन जगहों पर भी ई-शासन, शिक्षा और लघु उद्योग के द्वार खोल दिए हैं जिन्हें कभी बहुत दूर माना जाता था।*
*पाँच साल पहले बिहार में ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट सेवा परियोजना का शुभारंभ करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि, यह कल्पना करना कठिन था कि गांवों में शहरों से ज्यादा इंटरनेट उपयोगकर्ता होंगे, लेकिन आज यह एक वास्तविकता बन गई है।*

*नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, भारत मोबाइल डेटा के मामले में दुनिया के सबसे किफायती देशों में से एक बनकर उभरा है। 2014 की तुलना में इंटरनेट डेटा की कीमतों में लगभग 97 प्रतिशत की कमी आई है।*

*इसके साथ ही 5G कनेक्टिविटी का भी विकास हुआ है। नागरिकों के लिए, इसका मतलब है स्वास्थ्य सेवा परामर्श, समय पर फसल संबंधी सलाह और बाजारों तक तेज़ पहुँच जो अब दूर नहीं लगते।*
*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत में इंटरनेट क्रांति यह सुनिश्चित कर रही है कि डिजिटल भारत का वादा हर घर तक पहुँचे, और अपने साथ अवसर, सम्मान और भविष्य के लिए आशा लेकर आए।अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी  समाचार , चंडीगढ़*

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********

करनाल के जिला सचिवालय सभागार में स्वच्छ भारत मिशन -शहरी के तहत स्वच्छ शहर जोड़ी-समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया। स्वच्छता के प्रति मार्गदर्शन के लिए करनाल नगर निगम की ओर से प्रदेश के 5 शहरों की नगर पालिकाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल सोनीपत से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देश की विभिन्न निकाय संस्थाओं से जुड़े और स्वच्छ शहर जोड़ी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब करनाल स्वच्छता को लेकर प्रदेश के 5 शहरों- सीवन व राजौंद, ईस्माइलाबाद, नारनौंद और कालांवाली का स्वच्छता को लेकर मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे शहरों व कस्बों को भी स्वच्छ, सुंदर व हरा भरा बनाने के लिए निर्धारित मापदंडों को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के शहरों के बीच भी स्वच्छता की प्रतियोगिता करवाई जाएगी और शहरों की रैंकिंग भी की जाएगी। उसके लिए कुछ मापदंड भी तय किए हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वच्छता में बेहतर रैंकिंग पाने वाले शहरों ने आज पांच-पांच अन्य शहरों को गोद लिया है ताकि भविष्य में इन्हें भी स्वच्छ बनाया जा सके। किसानों को फसल खराबे के मुआवजे पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा –

**********

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए सुनिच्छित किया कि हरियाणा में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी मिले। आज युवाओं को बिना पर्ची खर्ची के नौकरी मिल रही है। वे आज सोनीपत के गन्नौर में निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान की देवा वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित युवा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मनोहर लाल ने कहा -

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरे आदर्श है वो जीवन में जो करते है मैं उनको अपने जीवन में पालन की कोशिश करता हूं। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने देवा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप स्कूटी, टेबलेट और साइकिल प्रदान किए।

**********

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा-

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए 1 अप्रैल 2017 को राष्ट्रीय वयोश्री योजना शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है।

**********